# झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची , झारखण्ड

## द्वितीय सावधिक परीक्षा - (2021-2022)

**मॉडल प्रश्न पत्र** **सेट-3**

| कक्षा-9 | **विषय — हिन्दी -'ए'** | **समय- 1 घंटा 30 मिनट** | **पूर्णांक 40** |
|---|---|---|---|

सामान्य निर्देश :

- परीक्षार्थी यथासम्भव अपनी ही भाषा-शैली में उत्तर दें।
- इस प्रश्न-पत्र के तीन खण्ड हैं। सभी खण्ड के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।
- सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित है।
- प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए निर्देशों के आलोक में ही लिखें।
- 2 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में, 3 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में, 5 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में एवं 6 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखें।

**खण्ड-क (अपठित बोध)**

नीचे दिये गये गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए।

3 X 2 = 6

संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय है - प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है और प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक ने विद्यालय छोड़ने वाले अपने छात्रों को यह संदेशा दिया था - तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करना होगा। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरूषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए दृढ़ संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधा रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।

**प्रश्न - 1** संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए क्या आवश्यक है ?

**प्रश्न - 2** समस्त ग्रंथों और अनुभवों का क्या निष्कर्ष है ?

**प्रश्न - 3** (क) "मानवीय" शब्द से प्रत्यय अलग करें।

(ख) "विजय" का विलोम शब्द लिखिए।

**अथवा**

निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखें

साक्षी है इतिहास हमीं पहले जागे हैं,
जाग्रत सब हो रहे हमारे ही आगे हैं।
शत्रु हमारे कहाँ नहीं भय से भागे हैं ?
कायरता से कहाँ प्राण हमने त्यागे हैं ?
हैं,हमीं प्रकम्पित कर चुके सुरपति का भी हृदय
फिर एक बार हे विश्व तुम, गाओ भारत की विजय
कहाँ प्रकाशित नहीं रहा है तेज हमारा,
दलित कर चुके शत्रु सदा हमें पैरों द्वारा।
बतलाओ तुम कौन नहीं जो हमसे हारा,
पर शरणागत हुआ कहाँ, कब हमें न प्यारा।
बस युद्ध मात्र को छोड़कर, कहाँ नहीं हैं हम सदय !
फिर एक बार हे विश्व ! तुम गाओं भारत की विजय !

प्रश्न -1 इतिहास किस बल का गवाह है ?

प्रश्न-2 कवि विश्व के लोगों से क्या आह्वान कर रहे हैं और क्यों ?

प्रश्न -3 (क) "भारतीय" शब्द से प्रत्यय अलग करें।

(ख) "शत्रु" का पर्यायवाची शब्द लिखें।

**खण्ड ख (पाठ्य पुस्तक)**

प्रश्न-4 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 4X3 = 12

(क) सर टॉमस 'हे' के मैना पर दया-भाव के क्या कारण थे?

(ख) लेखिका महादेवी वर्मा के बचपन के समय लड़कियों के प्रति समाज की सोच कैसी थी? मेरे बचपन के दिन पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) एक लकुटी और कामरिया पर कवि सब कुछ न्यौछावर करने को क्यों तैयार हैं?

(घ) अर्धरात्रि में कोयल की चीख से कवि को क्या अंदेशा है?

(ड़) 'मेघ आए' कविता में बादलों को किसके समान बताया गया है?

(च) बच्चों को किस समय और कहाँ जाते हुए देखकर कवि को पीड़ा हुई है? बच्चे काम पर जा रहें है कविता के आलोक में लिखिए।

प्रश्न-5 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2X3 = 6

(क) गोपाल प्रसाद ऐसा क्यों चाहते थे कि उनकी बहू ज्यादा से ज्यादा दसवीं ही पास हो?

(ख) अपनी बेटी का रिश्ता तय करने के लिए रामस्वरूप उमा से जिस प्रकार व्यवहार की अपेक्षा कर रहें हैं, वह उचित क्यों नहीं है?

(ग) भूख तो अपने में एक साग होती है - ऐसा किसने,कब और क्यों कहा?

**<u>खण्ड-ग (रचना)</u>**

प्रश्न-6- अपने प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर अपना मासिक शुल्क कम कराने की प्रार्थना कीजिए। 1X5=5

**<u>अथवा</u>**

झारखण्ड के किसी ऐतिहासिक स्थल का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

प्रश्न - 7 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।

( शब्द सीमा 150 ) 1 X 6 = 6

हमारा राज्य झारखण्ड -

(संकेत बिन्दु - परिचय, इतिहास, सीमा, निवासी, संसाधन, उपसंहार)

**<u>अथवा</u>**

मेरे जीवन का लक्ष्य -

(संकेत बिन्दु - भूमिका, लक्ष्य निर्धारण क्यों, आदर्श मानव के गुण, लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास, उपसंहार)

**<u>अथवा</u>**

प्रकृति पर्व सरहुल -

(संकेत बिन्दु - पर्व का परिचय, कैसे मनाया जाता है, क्यों मनाया जाता है, उपसंहार)

प्रश्न- 8 परीक्षा के एक दिन पूर्व दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए। 1X5 = 5

**<u>अथवा</u>**

सब्जी खरीदने आई महिला और सब्जी वाले के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।